# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026



Yesterday, Quiz:

**Q. राजस्थान विधानसभा अपने 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कब से एक साल तक चलने वाले 'विधानसभा अमृत महोत्सव' का आयोजन करेगी?**

(A) 30 जुलाई

(B)15 जुलाई

(C) 25 जुलाई

(D) इनमें से कोई नही

राजस्थान विधानसभा अपने 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 15 जुलाई से एक साल तक चलने वाले 'विधानसभा अमृत महोत्सव' का आयोजन करेगी।

- इस अवसर पर 1952 से लेकर अब तक के 23 ऐतिहासिक कानूनों की उपलब्धियों पर चर्चा की जाएगी और नए लोगो के साथ कई पूर्व-वर्तमान विधायकों को सम्मानित किया जाएगा।
- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने बताया कि अमृत महोत्सव का शुभारंभ 15 जुलाई को होगा। उद्घाटन समारोह में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे, जबकि समापन समारोह में उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन की उपस्थिति प्रस्तावित है
- विधानसभा के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पूरे एक वर्ष तक अमृत महोत्सव के तहत चार प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

## Yesterday Revision

**प्रश्न 1: अंडर-23 नेशनल रेसलिंग चैंपियनशिप की ओवरऑल स्टैंडिंग में राजस्थान 113 अंकों के साथ किस स्थान पर रहा?**

**उत्तर: तीसरे स्थान पर (हरियाणा और महाराष्ट्र के बाद)।**

**प्रश्न 2: सरदार सरोवर परियोजना और नर्मदा जल विवाद को सुलझाने के लिए किन चार राज्यों के बीच ऐतिहासिक समझौता हुआ है?**

**उत्तर:  राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र।**

**प्रश्न 3जुलाई 2026 में राजस्थान कृषि एवं उद्यानिकी विभाग ने प्राकृतिक खेती और एग्री-स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए कुल कितने संगठनों के साथ MoU किया है?**

**उत्तर: 32 संगठनों के साथ।**

**प्रश्न 4 टेक्सटाइल नीति के तहत राजस्थान के कितने जिलों के लिए 'जिला स्तरीय टेक्सटाइल एक्सपोर्ट एक्शन प्लान' तैयार किया गया है?**

**उत्तर:11 जिलों के लिए (7 चैंपियन जिले और 4 एस्पाइरेशनल जिले)।**

**प्रश्न 5कोटा से इटावा तक चंबल नदी के समानांतर बनने वाले पूर्व प्रस्तावित 'चंबल एक्सप्रेस हाइवे' का नया नाम क्या रखा गया है?**

**उत्तर: अटल एक्सप्रेसवे (अटल प्रगति पथ)।**

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) राजस्थान में नई व्यवस्था के तहत अब RGHS लाभार्थी OPD में डॉक्टर द्वारा लिखी गई 2 हजार रुपए तक की रूटीन जांचें सीधे करा सकेंगे

(B) राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (RGHS) को राजस्थान सरकार द्वारा 1 जुलाई 2021 से पूर्ण रूप से लागू किया गया

सही विकल्प चुनिए:

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान सरकार ने सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (RGHS) को लेकर बड़ा फैसला लिया है।RGHS के तहत अब मरीजों को OPD में होने वाली रूटीन जांचों के लिए नई व्यवस्था के तहत अब RGHS लाभार्थी OPD में डॉक्टर द्वारा लिखी गई 2 हजार रुपए तक की रूटीन जांचें सीधे करा सकेंगे।
- हालांकि, यदि जांच का खर्च 2 हजार रुपए से अधिक है तो इसके लिए पुरानी प्रक्रिया जारी रहेगी। ऐसी स्थिति में अस्पताल या संबंधित डॉक्टर को RGHS पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। पोर्टल से अनुमति मिलने के बाद ही महंगी जांच कराई जा सकेगी।
- राजस्थान गवर्नमेंट हेल्थ स्कीम (RGHS) को राजस्थान सरकार द्वारा 1 जुलाई 2021 से पूर्ण रूप से लागू किया गया था

02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—

(1) जयपुर की दिव्यांशी जैन ने एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) में डच जूनियर ओपन 2026 स्क्वैश प्रतियोगिता का अंडर-13 खिताब जीता।

(2) फाइनल में दिव्यांशी ने मिस्र की तालिया इस्लाम को 11-2, 11-7, 11-7 से हराकर खिताब अपने नाम किया

सही विकल्प चुनें

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं



**Important Facts:**

- जयपुर की दिव्यांशी जैन ने नीदरलैंड के एम्स्टर्डम में आयोजित प्रतिष्ठित डच जूनियर ओपन 2026 स्क्वैश प्रतियोगिता के गर्ल्स अंडर-13 वर्ग का खिताब जीत लिया।
- राजस्थान स्क्वैश एकेडमी की खिलाड़ी दिव्यांशी को प्रतियोगिता में दूसरी वरीयता मिली थी। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में एक भी गेम गंवाए बिना शानदार प्रदर्शन किया।
- फाइनल में दिव्यांशी ने मिस्र की तालिया इस्लाम को 11-2, 11-7, 11-7 से हराकर खिताब अपने नाम किया
- अमार्या बजाज ने अंडर-13 बॉयज का खिताब जीता।
- एम्स्टर्डम (नीदरलैंड) में डच जूनियर ओपन 2026 (स्क्वैश टूर्नामेंट) का आयोजन 2 से 5 जुलाई 2026 तक किया गया था। यह टूर्नामेंट फ्रांस ओटेन स्टैडियन (Frans Otten Stadion) में संपन्न हुआ।

**03. बीकानेर यूथ गेम्स 3.0 (Khelo Bikaner Youth Games 3.0) का आयोजन  कब से किया जा रहा है?**

(A) 11 जुलाई 2026 से

(B) 12 जुलाई 2026 से

(C) 13 जुलाई 2026 से

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

👁 बीकानेर यूथ गेम्स 3.0 (Khelo Bikaner Youth Games 3.0) का आयोजन 13 जुलाई 2026 से 18 जुलाई 2026 तक किया जा रहा है। इसका रंगारंग शुभारंभ बीकानेर के पुष्करणा स्टेडियम में किया गया है

👁 इसमें 3 हजार से अधिक खिलाड़ी 18 अलग-अलग खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं

👁 सबसे बड़े खेल महोत्सव खेलेगा बीकानेर - बढ़ेगा बीकानेर की थीम पर आयोजित होने वाले खेलो बीकानेर यूथ गेम्स 3.0 पिछले दो सफल संस्करणों के बाद यह आयोजन अब राजस्थान के सबसे बड़े क्षेत्रीय मल्टी-स्पोर्ट्स इवेंट के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है।

04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(1) जयपुर के विनायका हॉस्पिटल के युवा सर्जन डॉ. सौरभ त्रिवेदी का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भारत के सबसे युवा रोबोटिक सर्जन के रूप में दर्ज किया गया।

(2) डॉ. सौरभ त्रिवेदी ने अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई है।

सही कथन चुनिए:

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं



**Important Facts:**

- जोधपुर के विनायका हॉस्पिटल के युवा सर्जन डॉ. सौरभ त्रिवेदी का नाम एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में भारत के सबसे युवा रोबोटिक सर्जन के रूप में दर्ज किया गया।
- इस उपलब्धि के साथ डॉ. त्रिवेदी पश्चिमी राजस्थान के उन चुनिंदा चिकित्सकों में शामिल हो गए हैं, जिन्होंने अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी के क्षेत्र में उल्लेखनीय पहचान बनाई है।
- इस उपलब्धि पर आयोजित सम्मान समारोह में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने डॉ. सौरभ त्रिवेदी को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।

05. केंद्र सरकार की तर्ज पर राजस्थान में भी ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को 20 लाख रुपए से बढ़ाकर कितने लाख रुपए कर दिया गया है?

(A) 30 लाख रुपए

(B) 25 लाख रुपए

(C) 28 लाख रुपए

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

- केंद्र सरकार की तर्ज पर राजस्थान में भी ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा को 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दिया गया है। इससे लंबे समय तक सरकारी सेवा देने वाले कर्मचारियों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी।
- कर्मचारियों को समय पर पदोन्नति के पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने प्रमोशन प्रक्रिया को सरल बनाया है।
- इसके तहत पदोन्नति के लिए निर्धारित अनुभव अवधि में लगातार तीन साल तक 2 वर्ष की छूट देने का निर्णय लिया गया है।

जयपुर, रविवार, 12 जुलाई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-143

1. **विद्युत** मांग का सटीक आकलन करने, नेटवर्क की बेहतर योजना के लिए राजस्थान के किस विद्युत वितरण निगम में एआई तथा 'डिजिटल ट्विन तकनीक' पर आधारित पायलट परियोजना शुरू की जाएगी?
(A) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
(B) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
(C) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
(D) बीकानेर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई लिमिटेड

2. **नर्मदा** जल विवाद प्राधिकरण द्वारा किस वर्ष में 'अवार्ड' पारित कर राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र के मध्य जल का ऐतिहासिक आवंटन किया गया था?
(A) वर्ष 1969 में (B) वर्ष 1973 में
(C) वर्ष 1979 में (D) वर्ष 1985 में

3. **कर** संग्रहण प्रणाली में पारदर्शिता लाने के लिए फेसलैस स्क्रूटनी लागू करने वाला राजस्थान देश का कौन-सा राज्य बन गया है?
(A) पहला (B) दूसरा
(C) तीसरा (D) चौथा

4. **दिल्ली**-मुंबई एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए, हाल ही में राजस्थान के किस वन्यजीव अभयारण्य को 'बाईपास' करते हुए NH-52 से एक नया 8-लेन लिंक रोड बनाने की घोषणा की गई है?
(A) रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान
(B) रामगढ़ विषधारी अभयारण्य
(C) मुकुंदरा वाइल्डलाइफ सेंचुरी
(D) जवाहर सागर अभयारण्य

5. **पंच** गौरव योजना में 'एक जिला-एक उत्पाद' के तहत दौसा जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) बीकानेरी नमकीन
(B) सरसों तेल
(C) पत्थर के उत्पाद
(D) लकड़ी के हस्तशिल्प उत्पाद

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

Today, Quiz:

**Q. राजस्थान कृषि एवं उद्यानिकी विभाग ने प्राकृतिक खेती, जलवायु अनुकूल कृषि और एग्री-स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए कुल कितने संगठनों के साथ ऐतिहासिक एमओयू (MoU) पर हस्ताक्षर किए हैं?**

(A) 16 संगठन

(B) 22 संगठन

(C) 32 संगठन

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine